क्रम-संख्या—52 (क)

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी०/एल०
डब्लू०/एन०पी०—91/2014—16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

# सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

# असाधारण

## विधायी परिशिष्ट

**भाग—1, खण्ड (क)**

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

**लखनऊ, बृहस्पतिवार, 12 मार्च, 2020**

**फाल्गुन 22, 1941 शक सम्वत्**

**उत्तर प्रदेश शासन**

विधायी अनुभाग—1

संख्या 415/79-वि-1—20-1(क)-1-2020

लखनऊ, 12 मार्च, 2020

**अधिसूचना**

**विविध**

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2020 जिससे राज्य कर अनुभाग-2 प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित है, पर दिनांक 11 मार्च, 2020 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 सन् 2020 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2020

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 सन् 2020)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 का अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के इकहत्तरवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1—(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2020 कहा जायेगा।

(2) इस अधिनियम की धारा 3, 4, 5, 6, 8, 9, 11, 12 और 21 के उपबंध दिनांक 01 जनवरी, 2020 से प्रवृत्त माने जायेंगे तथा इस अधिनियम की धारा 2, 7, 10, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19 व 20 के उपबंध ऐसे दिनांक को प्रवृत्त होंगे जैसा कि राज्य सरकार गजट में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

धारा 2 का संशोधन

2—उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 2 में, खंड (4) में, शब्द "अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण," के पश्चात् शब्द "राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण," बढ़ा दिये जायेंगे।

धारा 10 का संशोधन

3—मूल अधिनियम की धारा 10 में,—

(क) उपधारा (1) में, द्वितीय परन्तुक के पश्चात्, निम्नलिखित स्पष्टीकरण बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात् :—

"**स्पष्टीकरण** 1—द्वितीय परन्तुक के प्रयोजनों के लिए, जहां तक प्रतिफल को ब्याज या बट्टे के रूप में प्रदर्शित किया जाता है, निक्षेपों, ऋणों या अग्रिमों के माध्यम से प्रदत्त छूट प्राप्त सेवाओं की पूर्ति के मूल्य को, राज्य में आवर्त के मूल्य के अवधारण के लिए गणना में नहीं लिया जाएगा।";

(ख) उपधारा (2) में,—

(i) खंड (घ) के अंत में आने वाले शब्द "और" को निकाल दिया जायेगा;

(ii) खण्ड (ङ) में शब्द "अधिसूचित किया जाए;" के स्थान पर शब्द "अधिसूचित किया जाए; और" रख दिये जाएंगे;

(iii) खण्ड (ङ) के पश्चात् निम्नलिखित खंड बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात्:—

"(च) वह न तो कोई नैमित्तिक कराधेय व्यक्ति है और न ही कोई अनिवासी कराधेय व्यक्ति है:";

(ग) उपधारा (2) के पश्चात्, निम्नलिखित उपधारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात्:—

"(2क) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, किन्तु धारा 9 की उपधारा (3) और उपधारा (4) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जो उपधारा (1) और उपधारा (2) के अधीन कर के संदाय का विकल्प लेने के लिए पात्र नहीं है और जिसका पूर्व वित्तीय वर्ष का सकल आवर्त पचास लाख रुपये से अधिक नहीं है, उसके द्वारा धारा 9 की उपधारा (1) के अधीन संदेय कर के स्थान पर, विहित की जाने वाली दर पर, जो राज्य में उसकी आवर्त के तीन प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, संगणित कर की रकम का निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए संदाय करने का विकल्प ले सकेगा, यदि वह,—

(क) किसी ऐसे माल या सेवाओं की पूर्ति करने में नहीं लगा है, जो इस अधिनियम के अधीन कर के लिये उद्ग्रहणीय नहीं हैं;

(ख) माल या सेवाओं की अंतर्राज्यीय जावक पूर्ति करने में नहीं लगा है;

(ग) किसी ऐसे इलेक्ट्रानिक वाणिज्यिक प्रचालक के माध्यम से माल या सेवाओं की ऐसी पूर्ति में नहीं लगा है, जिससे धारा 52 के अधीन स्रोत पर कर का संग्रहण करना अपेक्षित है;

(घ) ऐसे माल का विनिर्माता या ऐसी सेवाओं का पूर्तिकार नहीं है, जो सरकार द्वारा परिषद् की सिफारिशों पर अधिसूचित की जाएं; और

(ङ) न तो कोई नैमित्तिक कराधेय व्यक्ति है या न ही कोई अनिवासी कराधेय व्यक्ति है:

परंतु जहां एक से अधिक रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों का आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन जारी स्थायी खाता संख्यांक एक ही है, वहां ऐसा रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, इस उपधारा के अधीन योजना का तब तक के लिए विकल्प का चुनाव करने का पात्र नहीं होगा, जब तक ऐसे सभी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति इस उपधारा के अधीन कर का संदाय करने के विकल्प का चुनाव नहीं करते हैं";

(घ) उपधारा (3) में, शब्द, कोष्ठक और अंक "उपधारा (1)," दोनों स्थानों पर, जहां वे आते हैं, के पश्चात् शब्द, कोष्ठक, अंक तथा अक्षर यथास्थिति "उपधारा (1) या उपधारा (2क)" बढ़ा दिये जायेंगे;

(ङ) उपधारा (4) में, शब्द, कोष्ठक और अंक "उपधारा (1)" के पश्चात् शब्द, कोष्ठक, अंक और अक्षर यथास्थिति उपधारा (1) या उपधारा (2क) बढ़ा दिये जायेंगे;

(च) उपधारा (5) में, शब्द, कोष्ठक और अंक "उपधारा (1)" के पश्चात् शब्द, कोष्ठक, अंक तथा अक्षर "यथास्थिति उपधारा (1) या उपधारा (2क)" बढ़ा दिये जायेंगे;

(छ) उपधारा (5) के पश्चात्, निम्नलिखित स्पष्टीकरण बढ़ा दिये जायेंगे, अर्थात्:—

"**स्पष्टीकरण 1**—इस धारा के अधीन किसी व्यक्ति की कर संदाय करने की पात्रता का निर्धारण करने के लिए उसके सकल आवर्त की संगणना करने के प्रयोजनों के लिए पद "सकल आवर्त" के अंतर्गत किसी वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल से उस तिथि तक की आपूर्तियां सम्मिलित होंगी जब वह इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण हेतु दायी बन जाता है, किन्तु इसमें सेवाओं की ऐसी करमुक्त आपूर्ति का मूल्य सम्मिलित नहीं होगा जो निक्षेपों, ऋणों या अग्रिमों को विस्तारित कर प्रदान की गयी हों और जहां प्रतिफल ब्याज या छूट के रूप में प्रदर्शित हो।

**स्पष्टीकरण 2**—इस धारा के अधीन किसी व्यक्ति द्वारा संदेय कर का अवधारण करने के प्रयोजनों के लिए, पद "राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में आवर्त" में निम्नलिखित पूर्तियों का मूल्य सम्मिलित नहीं होगा, अर्थात्:—

(i) किसी वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल से उस तिथि तक की पूर्तियां, जब ऐसा व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण का दायी बन जाता है; और

(ii) सेवाओं की ऐसी करमुक्त पूर्ति, जो निक्षेपों, ऋणों या अग्रिमों को विस्तारित कर प्रदान की गयी हो और जहां प्रतिफल, ब्याज या छूट के रूप में प्रदर्शित हो।"

धारा 22 का संशोधन

4—मूल अधिनियम की धारा 22 में, उपधारा (1) में, द्वितीय परंतुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक तथा स्पष्टीकरण बढ़ा दिये जायेंगे, अर्थात्:—

"परंतु यह भी कि सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर बीस लाख रुपये के सकल आवर्त को ऐसी रकम तक बढ़ा सकेगी, जो किसी ऐसे पूर्तिकार की दशा में, जो माल की अनन्य पूर्ति में लगा है, चालीस लाख रुपये से अधिक नहीं होगी और यह ऐसी शर्तों और परिसीमाओं के अधीन रहते हुए किया जाएगा, जो अधिसूचित की जाएं।

**स्पष्टीकरण**—इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए, किसी व्यक्ति के संबंध में तब भी यह समझा जाएगा कि वह माल की अनन्य पूर्ति में लगा है, यदि वह सेवाओं की ऐसी करमुक्त आपूर्ति में लगा हुआ है जो निक्षेपों, ऋणों या अग्रिमों को विस्तारित कर प्रदान की गयी हों और जहां प्रतिफल, ब्याज या छूट के रूप में प्रदर्शित हो।"

धारा 25 का संशोधन

5—मूल अधिनियम की धारा 25 में, उपधारा (6) के पश्चात् निम्नलिखित उपधाराएं बढ़ा दी जाएंगी, अर्थात् :—

"(6क) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, विहित किये जाने वाले प्ररूप और रीति में तथा समय के भीतर सत्यापन कराएगा या आधार संख्यांक को धारित करने का सबूत प्रस्तुत करेगा :

परंतु यदि किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को आधार संख्यांक समनुदेशित नहीं किया गया है, तो ऐसे व्यक्ति को ऐसी रीति में, जो परिषद् की सिफारिशों पर, सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए, पहचान का कोई वैकल्पिक और व्यवहार्य साधन प्रदान किया जाएगा :

परन्तु यह और कि सत्यापन कराये जाने या आधार संख्यांक को धारित करने का सबूत प्रस्तुत करने या पहचान का कोई वैकल्पिक और व्यवहार्य साधन प्रस्तुत करने में विफल रहने की दशा में ऐसे व्यक्ति को आवंटित रजिस्ट्रीकरण अविधिमान्य समझा जाएगा और इस अधिनियम के अन्य उपबंध, इस प्रकार लागू होंगे मानों ऐसे व्यक्ति के पास रजिस्ट्रीकरण नहीं है।

(6ख) अधिसूचित की जाने वाली तारीख को ही प्रत्येक व्यष्टि रजिस्ट्रीकरण की मंजूरी के लिए पात्र बनने हेतु परिषद् की सिफारिशों पर सरकार द्वारा उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाने वाली रीति में सत्यापन कराएगा या आधार संख्यांक को धारित करने का सबूत प्रस्तुत करेगा :

परंतु जहां किसी व्यष्टि को, आधार संख्यांक समनुदेशित नहीं किया गया है, वहां व्यष्टि को पहचान का कोई ऐसा वैकल्पिक और व्यवहार्य साधन प्रदान किया जाएगा, जो परिषद् की सिफारिशों पर, सरकार द्वारा उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए।

(6ग) अधिसूचित की जाने वाली तारीख को ही, व्यष्टि से भिन्न प्रत्येक व्यक्ति, रजिस्ट्रीकरण की मंजूरी के लिए पात्र बनने हेतु, सत्यापन कराएगा या ऐसी रीति में, जो अधिसूचित की जाए, कर्ता, प्रबंध निदेशक पूर्णकालिक निदेशक, ऐसे भागीदारों, यथास्थिति, संगम की प्रबन्ध समिति, न्यासी बोर्ड के सदस्यों, प्राधिकृत प्रतिनिधियों, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं और व्यक्तियों के ऐसे अन्य वर्गों द्वारा, ऐसी रीति में, जो परिषद् की सिफारिशों पर सरकार द्वारा उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, आधार संख्यांक को धारित करने का सबूत प्रस्तुत करेगा :

परंतु जहां ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के ऐसे अन्य वर्ग, जिन्हें आधार संख्यांक समनुदेशित नहीं किया गया है, उन्हें पहचान का कोई ऐसा वैकल्पिक और व्यवहार्य साधन प्रदान किया जाएगा, जो परिषद् की सिफारिशों पर, सरकार द्वारा उक्त अधिसूचनाओं में विनिर्दिष्ट किया जाए।

(6घ) उपधारा (6क) या उपधारा (6ख) या उपधारा (6ग) के उपबन्ध, ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के ऐसे वर्ग या राज्य या राज्य के किसी ऐसे भाग के लिये लागू नहीं होंगे, जिसे परिषद् की सिफारिश पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए।

**स्पष्टीकरण**—इस धारा के प्रयोजनों के लिए पद "आधार सख्यांक" का वही अर्थ होगा, जो आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, फायदों तथा सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 2 के खंड (क) में उसके लिए निर्दिष्ट है।"

नई धारा 31क का बढ़ाया जाना

6--मूल अधिनियम की धारा 31 के पश्चात् निम्नलिखित धारा बढ़ा दी जायेगी, अर्थात :--

"31क—सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे वर्ग को विहित कर सकेगी, जो उसके द्वारा की गयी माल या सेवाओं या दोनों की पूर्ति के प्राप्तिकर्ता को, इलेक्ट्रानिक संदाय का विहित ढंग उपलब्ध कराएगा और तद्नुसार ऐसे प्राप्तिकर्ता को ऐसी रीति और ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के, जो विहित किए जाएं, अधीन रहते हुए संदाय करने का विकल्प उपलब्ध कराएगा।"

प्राप्तिकर्ता को डिजिटल संदाय की सुविधा

धारा 39 का संशोधन

7—मूल अधिनियम की धारा 39 में,—

(क) उपधारा (1) और उपधारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपधाराएं रख दी जाएंगी, अर्थात्:—

"(1) किसी इनपुट सेवा वितरक या अनिवासी कराधेय व्यक्ति या धारा 10 या धारा 51 या धारा 52 के उपबंधों के अधीन कर का संदाय करने वाले व्यक्ति से भिन्न प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, प्रत्येक कैलेंडर मास या उसके किसी भाग के लिए माल या सेवाओं या दोनों की आवक और जावक पूर्तियों, प्राप्त किए गए इनपुट कर प्रत्यय, संदेय कर और ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रारूप एवं रीति में और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, इलेक्ट्रानिक रूप से विवरणी प्रस्तुत करेगा :

परंतु सरकार, परिषद् की सिफारिश पर, रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के कतिपय वर्ग को अधिसूचित कर सकेगी, जो ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के, जो उसमें विनिर्दिष्ट किए जाएं, अधीन रहते हुए प्रत्येक तिमाही या उसके किसी भाग के लिए विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(2) धारा 10 के उपबन्धों के अधीन कर का संदाय करने वाला कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, प्रत्येक वित्तीय वर्ष या उसके किसी भाग के लिए, माल या सेवाओं या दोनों की आवक पूर्तियों, संदेय कर, संदत्त कर और ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रारूप तथा रीति में और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, इलेक्ट्रानिक रूप से राज्य में आवर्त की विवरणी प्रस्तुत करेगा।";

(ख) उपधारा (7) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रख दी जाएगी, अर्थात्:—

"(7) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जिससे उपधारा (1) के अधीन विवरणी प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है और जो ऐसे व्यक्ति से भिन्न है, जिसे उसके परंतुक या उपधारा (3) या उपधारा (5) में निर्दिष्ट किया गया है, सरकार को, ऐसी विवरणी के अनुसार देय कर का संदाय अंतिम तारीख, जिस पर उसके द्वारा ऐसी विवरणी प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हो, से पूर्व करेगा :

परंतु उपधारा (1) के परंतुक के अधीन विवरणी प्रस्तुत करने वाला प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, किसी मास के दौरान, माल या सेवाओं या दोनों की आवक और जावक पूर्तियों, प्राप्त किये गये इनपुट का प्रत्यय, संदेय कर और ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे प्रारूप एवं रीति में और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, सरकार को देय कर का संदाय करेगा :

परंतु यह और कि उपधारा (2) के परंतुक के अधीन विवरणी प्रस्तुत करने वाला प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, किसी तिमाही के दौरान, माल या सेवाओं या दोनों की आवक पूर्तियों, संदेय कर और ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे प्रारूप एवं रीति में और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, सरकार को देय कर का संदाय करेगा।"

धारा 44 का संशोधन

8—मूल अधिनियम की धारा 44 में, उपधारा (1) में, निम्नलिखित परंतुक बढ़ा दिये जाएंगे, अर्थात् :—

"परंतु आयुक्त, परिषद् की सिफारिशों पर और लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, अधिसूचना द्वारा रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे वर्ग, जो उसमें विनिर्दिष्ट किया जाए, के लिए वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने की समय-सीमा को विस्तारित कर सकेगा :

परंतु यह और कि केन्द्रीय कर आयुक्त द्वारा अधिसूचित समय—सीमा के किसी विस्तारण को आयुक्त द्वारा अधिसूचित किया गया समझा जाएगा।"

धारा 49 का संशोधन

9—मूल अधिनियम की धारा 49 में, उपधारा (9) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात्:—

"(10) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, ऐसे प्रारूप और रीति में तथा ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो विहित किए जाएं, सामान्य पोर्टल पर, इस अधिनियम के अधीन इलेक्ट्रानिक नकद खाते में उपलब्ध किसी कर, ब्याज, शास्ति, फीस की किसी रकम या किसी अन्य रकम को एकीकृत कर, केन्द्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्य क्षेत्र कर या उपकर संबंधी इलेक्ट्रानिक नकद खाते में अंतरित कर सकेगा और ऐसे अंतरण को इस अधिनियम के अधीन इलेक्ट्रानिक नकद खाते से प्रतिदाय के रूप में समझा जाएगा।

(11) जहां किसी रकम को इस अधिनियम के अधीन इलेक्ट्रानिक नकद खाते में अंतरित किया गया है, वहां उसे उपधारा (1) में यथा उपबंधित रूप में उक्त खाते में जमा किया गया समझा जाएगा।"

धारा 50 का संशोधन

10-मूल अधिनियम की धारा 50 में, उपधारा (1) में, निम्नलिखित परंतुक बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात् :-

"परंतु किसी कर अवधि के दौरान की गई पूर्तियों के संबंध में संदेय कर पर ब्याज, जिसे धारा 39 के उपबंधों के अनुसार नियत तारीख के पश्चात् उक्त अवधि के लिए प्रस्तुत की गई विवरणी में घोषित किया गया है, सिवाय वहां के, जहां ऐसी विवरणी को उक्त अवधि के संबंध में धारा 73 या धारा 74 के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों के प्रारंभ के पश्चात् प्रस्तुत किया जाता है, कर के उस भाग पर उद्गृहीत किया जाएगा, जिसका संदाय इलेक्ट्रानिक नकद खाते से निकालकर किया गया है।"

धारा 52 का संशोधन

11-मूल अधिनियम की धारा 52 में,-

(क) उपधारा (4) में निम्नलिखित परंतुक बढ़ा दिये जाएंगे, अर्थात् :-

"परंतु आयुक्त, लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, अधिसूचना द्वारा रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे वर्ग के लिए, जो उसमें विनिर्दिष्ट किया जाए, विवरण प्रस्तुत करने की समय-सीमा को विस्तारित कर सकेगा :

परंतु यह और कि केन्द्रीय कर आयुक्त द्वारा अधिसूचित समय-सीमा के किसी विस्तारण को आयुक्त द्वारा अधिसूचित किया गया समझा जाएगा।";

(ख) उपधारा (5) में, निम्नलिखित परंतुक बढ़ा दिये जाएंगे, अर्थात् :-

"परंतु आयुक्त, परिषद् की सिफारिशों पर और लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, अधिसूचना द्वारा रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे वर्ग के लिए, जो उसमें विनिर्दिष्ट किया जाए, वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने की समय-सीमा को विस्तारित कर सकेगा :

परंतु यह और कि केन्द्रीय कर आयुक्त द्वारा अधिसूचित समय-सीमा के किसी विस्तारण को आयुक्त द्वारा अधिसूचित किया गया समझा जाएगा।"

नई धारा 53-क का बढ़ाया जाना

12-मूल अधिनियम की धारा 53 के पश्चात् निम्नलिखित धारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात् :-

"53क-जहां किसी रकम को इस अधिनियम के अधीन इलेक्ट्रानिक नकद खाते से केन्द्रीय कर या एकीकृत कर या उपकर हेतु इलेक्ट्रानिक नकद खाते में अंतरित किया जाता है, वहां सरकार केन्द्रीय कर खाता या एकीकृत कर खाता या उपकर खाते को, इलेक्ट्रानिक नकद खाते से अंतरित की गयी रकम के समतुल्य रकम का ऐसी रीति से और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, अंतरण करेगी।"

कतिपय रकमों का अंतरण

धारा 54 का संशोधन

13-मूल अधिनियम की धारा 54 में, उपधारा (8) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात्:-

"(8क) जहां केन्द्र सरकार ने राज्य कर के प्रतिदाय का संवितरण किया हो, वहां राज्य सरकार इस प्रकार प्रतिदायकृत रकम के समतुल्य रकम, केन्द्र सरकार को अंतरित करेगी।"

धारा 95 का संशोधन

14-मूल अधिनियम की धारा 95 में,-

(i) उपखंड (क) में-

(क) शब्द "अपील प्राधिकरण" के पश्चात् शब्द "या राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" रख दिये जाएंगे;

(ख) शब्द और अंक "धारा 100 की उपधारा (1)" के पश्चात् शब्द, अंक और अक्षर "धारा 100 की उपधारा (1) या धारा 101ग" बढ़ा दिये जाएंगे;

(ii) उपखंड (ङ) के पश्चात् निम्नलिखित खंड बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात्:—

"(च) "राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" से धारा 101क में निर्दिष्ट राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण अभिप्रेत है।"

नई धारा 101क, 101ख और 101ग का बढ़ाया जाना

15—मूल अधिनियम की धारा 101 के पश्चात् निम्नलिखित धाराएं बढ़ा दी जाएंगी, अर्थात्:—

राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण का गठन

101क—इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ, इस अध्याय के उपबंधों के, अध्यधीन, केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 101क के अधीन गठित राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण, इस अधिनियम के अधीन राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण समझा जाएगा।

राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण को अपील

101ख—(1) जहां धारा 97 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट प्रश्नों के संबंध में, धारा 101 की उपधारा (1) या उपधारा (3) के अधीन दो या अधिक राज्यों या संघ राज्य क्षेत्रों या दोनों के अपील प्राधिकरणों द्वारा विरोधाभासी अग्रिम विनिर्णय दिए जाते हैं, वहां आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी या आवेदक, जो धारा 25 में निर्दिष्ट सुभिन्न व्यक्ति है और जो ऐसे अग्रिम विनिर्णय से व्यथित है, वह राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण को अपील कर सकेगा :

परन्तु अधिकारी उन राज्यों से होगा, जिनमें ऐसे अग्रिम विनिर्णय दिए गए हैं।

(2) इस धारा के अधीन प्रत्येक अपील, उस तारीख से, जिस तारीख को वह विनिर्णय, जिसके विरुद्ध अपील चाही गयी है, आवेदक, संबंधित अधिकारी और अधिकारिता रखने वाले अधिकारियों को संसूचित किये जाने के तीस दिन की अवधि के भीतर दाखिल की जाएगी :

परन्तु आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, उस तारीख से, जिस तारीख को वह विनिर्णय, जिसके विरुद्ध अपील चाही गई है, संबंधित अधिकारी और अधिकारिता रखने वाले अधिकारी को संसूचित किये जाने के नब्बे दिन की अवधि के भीतर अपील दाखिल कर सकेगा :

परन्तु यह और कि राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी को, यथास्थिति, उक्त तीस दिन या नब्बे दिन के भीतर अपील प्रस्तुत करने से पर्याप्त कारण से निवारित किया गया था, तो वह ऐसी अपील को तीस दिन से अनधिक अग्रतर अवधि के भीतर प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा।

**स्पष्टीकरण**—शंकाओं के निराकरण के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि यथास्थिति तीस दिन या नब्बे दिन की अवधि की गणना, उस तारीख से की जाएगी, जिस तारीख को अंतिम विरोधाभासी विनिर्णय को, जिसके विरुद्ध अपील चाही गई है, संसूचित किया गया था।

(3) इस धारा के अधीन प्रत्येक अपील, ऐसे प्रारूप में होगी, जिसके साथ ऐसी फीस होगी और उसे ऐसी रीति में सत्यापित किया जाएगा जैसा कि विहित किया जाए।

राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण का आदेश

101ग—(1) राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण, आवेदक, आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, केंद्रीय कर के सभी प्रधान मुख्य आयुक्त, मुख्य आयुक्त तथा सभी राज्यों के राज्य कर मुख्य आयुक्त तथा आयुक्त और सभी संघ राज्य क्षेत्रों के संघ राज्य क्षेत्र कर के मुख्य आयुक्त और आयुक्त को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, उस विनिर्णय, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, को पुष्ट या उपांतरित करते हुये ऐसा आदेश कर सकता है जैसा कि वह उचित समझे।

(2) यदि राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण के सदस्यों की किसी बिन्दु पर भिन्न राय हो तो उसका विनिश्चय बहुमत की राय के अनुसार किया जाएगा।

(3) उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट आदेश धारा 101ख के अधीन अपील फाइल करने की तारीख से यथासंभव नब्बे दिन की अवधि के भीतर किया जाएगा।

(4) राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण द्वारा सुनाए गए अग्रिम विनिर्णय की प्रति को सदस्यों द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित और ऐसी रीति में प्रमाणित किया जाएगा, जो विहित की जाए, और उसे सुनाए जाने के पश्चात् यथास्थिति, आवेदक, आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, बोर्ड, सभी राज्यों के राज्य कर के मुख्य आयुक्त और आयुक्त तथा सभी संघ राज्य क्षेत्रों के संघ राज्य क्षेत्र कर के मुख्य आयुक्त और आयुक्त को और प्राधिकरण या अपील प्राधिकरण को भेजा जाएगा।"

धारा 102 का संशोधन

16—मूल अधिनियम की धारा 102 में, प्रारम्भिक भाग में,—

(क) शब्द "अपील प्राधिकरण" दोनों स्थानों पर, जहां वे आते हों, के पश्चात् शब्द "या राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" बढ़ा दिये जाएंगे;

(ख) शब्द तथा अंक "या धारा 101" के पश्चात् शब्द, अंक तथा अक्षर "या धारा 101ग" बढ़ा दिये जायेंगे;

(ग) शब्द "या अपीलार्थी" के स्थान पर शब्द "अपीलार्थी, प्राधिकरण या अपील प्राधिकरण" रख दिये जाएंगे।

धारा 103 का संशोधन

17—मूल अधिनियम की धारा 103 में,—

(i) उपधारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा बढ़ा दी जाएगी, अर्थात्:—

"(1क) राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण द्वारा इस अध्याय के अधीन सुनाया गया अग्रिम विनिर्णय निम्नलिखित पर बाध्यकारी होगा—

(क) आवेदक, जो सुभिन्न व्यक्ति है, जिन्होंने धारा 101ख की उपधारा (1) के अधीन विनिर्णय चाहा हो और सभी रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों जिनके पास आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन जारी किया गया एक ही स्थायी लेखा संख्या हो;

(ख) खंड (क) में निर्दिष्ट आवेदकों के संबंध में संबंधित अधिकारी और अधिकारिता रखने वाले अधिकारी और ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जिनके पास आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन जारी एक ही स्थायी लेखा संख्या हो।";

(ii) उपधारा (2) में शब्द, कोष्ठक और अंक "उपधारा (1)" के पश्चात् शब्द, कोष्ठक, अंक तथा अक्षर "और उपधारा (1क)" बढ़ा दिये जाएंगे।

धारा 104 का संशोधन

18—मूल अधिनियम की धारा 104 में, उपधारा (1) में,—

(क) शब्द "प्राधिकरण या अपील प्राधिकरण" के पश्चात् शब्द "या राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" बढ़ा दिये जाएंगे;

(ख) शब्द और अंक "धारा 101" के पश्चात् शब्द, अंक और अक्षर "या धारा 101ग के अधीन" बढ़ा दिये जाएंगे।

धारा 105 का संशोधन

19—मूल अधिनियम की धारा 105 में,—

(क) पार्श्व शीर्ष के स्थान पर निम्नलिखित पार्श्व शीर्ष रख दिया जाएगा, अर्थात्:—

"प्राधिकरण, अपील प्राधिकरण और राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण की शक्तियां";

(ख) उपधारा (1) में, शब्द "अपील प्राधिकरण" के पश्चात् शब्द "या राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" बढ़ा दिये जाएंगे;

(ग) उपधारा (2) में, शब्द "अपील प्राधिकरण" के पश्चात् शब्द "या राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" बढ़ा दिये जाएंगे।

धारा 106 का संशोधन

20–मूल अधिनियम की धारा 106 में,–

(क) पार्श्व शीर्ष के स्थान पर निम्नलिखित पार्श्व शीर्ष रख दिया जाएगा, अर्थात् :–

"प्राधिकरण, अपील प्राधिकरण और राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण की प्रक्रिया";

(ख) शब्द "अपील प्राधिकरण" के पश्चात् शब्द "या राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण" बढ़ा दिये जाएंगे।

धारा 171 का संशोधन

21–मूल अधिनियम की धारा 171 में, उपधारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित संशोधन बढ़ा दिया जाएगा, अर्थात्:–

"(3क) जहां उक्त उपधारा की अपेक्षानुसार जाँच करने के पश्चात् उपधारा (2) में निर्दिष्ट प्राधिकरण इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति ने उपधारा (1) के अधीन मुनाफाखोरी की है, वहां ऐसा व्यक्ति इस प्रकार मुनाफाखोरी की गई रकम के दस प्रतिशत के बराबर शास्ति का संदाय करने का दायी होगा :

परन्तु यह कि ऐसी कोई शास्ति उद्ग्रहणीय नहीं होगी, यदि मुनाफाखोरी की रकम को प्राधिकरण द्वारा आदेश पारित किए जाने की तारीख से तीस दिन के भीतर जमा करा दिया गया है।

**स्पष्टीकरण**–इस धारा के प्रयोजनों के लिए पद "मुनाफाखोरी" से ऐसी रकम अभिप्रेत है, जिसे माल या सेवा या दोनों के प्रदाय पर कर की दर में कमी का फायदा या इनपुट कर प्रत्यय का फायदा माल या सेवा या दोनों की कीमत में कमी की अनुरूपता के माध्यम से प्राप्तिकर्ता को नहीं देने के कारण अवधारित किया गया है।

निरसन और व्यावृत्ति

उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 1 सन् 2020

22–(1) उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2020 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश द्वारा यथा संशोधित मूल अधिनियम के उपबंधों के अधीन कृत कोई कार्य या की गयी कोई कार्यवाही, इस अधिनियम द्वारा यथा संशोधित मूल अधिनियम के सहप्रत्यर्थी उपबंधों के अधीन कृत या की गयी समझी जायेगी मानों इस अधिनियम के उपबंध, सभी सारवान समयों में प्रवृत्त थे।

---

## उद्देश्य और कारण

उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा उत्तर प्रदेश माल और सेवाकर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 2017), जिसे आगे उक्त अधिनियम कहा गया है, माल या सेवा अथवा दोनों के अंतः राज्यीय पूर्ति पर कर उद्ग्रहण एवं संग्रहण का उपबन्ध करने के लिये अधिनियमित किया गया है।

2–उक्त अधिनियम में नये माल और सेवाकर व्यवस्था में विद्यमान करदाताओं के सुगम संक्रमण के लिये कतिपय उपबंधों की व्यवस्था है। तथापि नयी कर व्यवस्था में कतिपय कठिनाइयाँ उत्पन्न हुईं। लघु एवं मध्यम करदाताओं को हुई एक प्रमुख असुविधा, माल और सेवाकर विधियों के अधीन कर विवरणी दाखिल करने तथा उसका संदाय करने की प्रक्रिया थी। इस सम्बन्ध में प्रस्तावित विवरणी दाखिल करने की नयी प्रणाली में प्रशमन उद्ग्रहण का विकल्प लेने वाले करदाताओं द्वारा वार्षिक विवरणी दाखिल किया जाना एवं त्रैमासिक कर संदाय किया जाना तथा कतिपय श्रेणी के करदाताओं के लिए त्रैमासिक विवरणी

दाखिल किया जाना एवं मासिक कर संदाय की व्यवस्था किया जाना परिकल्पित है। उपर्युक्त विवरणी दाखिल करने की प्रणाली को क्रियान्वित करने तथा अन्य कठिनाइयों को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से यह विनिश्चय किया गया है कि उक्त अधिनियम में संशोधन किया जाय।

3–प्रस्तावित उत्तर प्रदेश माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक, 2020 में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपबन्ध हैं :–

(1) "न्याय निर्णयन प्राधिकारी" की परिभाषा में "राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण" को सम्मिलित करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (4) में संशोधन करना।

(2) सेवाओं के पूर्तिकारों या मिश्रित पूर्तिकारों जिनका पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में वार्षिक आवर्त पचास लाख रुपए तक है, के लिए वैकल्पिक प्रशमन स्कीम का उपबंध करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 10 में संशोधन करना।

(3) माल की पूर्ति में अनन्य रूप से लगे पूर्तिकारों के मामले में बीस लाख रुपए से अनधिक चालीस लाख रुपए तक उच्चतर अवसीमा छूट का उपबंध करने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 22 में संशोधन करना।

(4) उक्त अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण चाहने वाले या ले चुके व्यक्तियों के लिए आज्ञापक रूप से आधार प्रस्तुत करने या उनके अधिप्रमाणन हेतु उपबंध करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 25 में संशोधन करना।

(5) यह उपबंध करने के लिए कि पूर्तिकर्ता अपने प्राप्तकर्ता को डिजिटल संदाय की सुविधा आज्ञापक रूप से उपलब्ध करायेगा, उक्त अधिनियम में नई धारा 31क का बढ़ाया जाना।

(6) प्रशमन उद्ग्रहण का विकल्प लेने वाले करदाताओं द्वारा वार्षिक विवरणी प्रस्तुत किये जाने और त्रैमासिक कर संदाय किये जाने का उपबंध करने के लिए तथा कतिपय अन्य श्रेणी के कर दाताओं हेतु त्रैमासिक विवरणी के विकल्प और मासिक कर संदाय का उपबंध करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 39 में संशोधन करना।

(7) वार्षिक विवरणी तथा समाधान विवरण प्रस्तुत करने हेतु नियत दिनांक को बढ़ाने हेतु आयुक्त को सशक्त करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 44 में संशोधन करना।

(8) इलेक्ट्रानिक नकद बही में किसी एक शीर्षक से दूसरे शीर्षक में किसी धनराशि का अंतरण करने की करदाता को सुविधा का उपबंध करने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 49 में संशोधन करना।

(9) अधिनियम की धारा 73 या 74 के अधीन कार्यवाही प्रारम्भ होने के मामले को छोड़ कर शुद्ध नकद कर देयता पर ही ब्याज प्रभारित करने का उपबंध करने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 50 में संशोधन करना।

(10) स्रोत पर कर संग्रहण करने वाले व्यक्ति द्वारा मासिक और वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने के लिए नियत तारीख को बढ़ाने हेतु आयुक्त को सशक्त करने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 52 में संशोधन करना।

(11) केन्द्र और राज्यों के मध्य इलेक्ट्रानिक नकद बही में धनराशि अंतरण हेतु उपबंध करने के लिए उक्त अधिनियम में नई धारा 53क का बढ़ाया जाना।

(12) राज्य करों के प्रतिदाय के सम्बन्ध में भी करदाताओं को प्रतिदाय धनराशि का वितरण करने के लिए केन्द्र सरकार को सशक्त करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 54 में संशोधन करना।

(13) "अग्रिम विनिर्णय" की परिभाषा में "राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण" को सम्मिलित करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 95 के खण्ड (क) में संशोधन करना और राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण को परिभाषित करने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 95 में खण्ड (च) का बढ़ाया जाना।

(14) केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 101क के अधीन गठित राष्ट्रीय अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण को अंगीकार करने हेतु उक्त अधिनियम में नई धाराओं क्रमशः 101क, 101ख और 101ग का बढ़ाया जाना जिससे कि उक्त प्राधिकरण के समक्ष अपील फाइल करने एवं उसकी प्रक्रिया का उपबन्ध किया जा सके और यह उपबन्ध किया जा सके कि राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण अपील फाइल किये जाने के दिनांक से नब्बे दिन की अवधि के भीतर आदेश पारित, करेगा, और यह भी उपबन्ध किया जा सके कि जहाँ सदस्य किसी बिन्दु पर भिन्न हों वहाँ विनिश्चय बहुतम द्वारा किया जायेगा।

(15) राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण को अपने अग्रिम विनिर्णय में सुधार करने के लिए उसे सशक्त करने हेतु उक्त धारा 102 की परिधि के भीतर उसे लाने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 102 का संशोधन करना।

(16) उक्त अधिनियम की धारा 103 में यह उपबंध करने के लिये संशोधन करना कि राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण द्वारा सुनाया गया अग्रिम विनिर्णय भिन्न-भिन्न व्यक्ति होते हुए आवेदकों और एक ही स्थायी खाता संख्या धारक रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों और उक्त आवेदक के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों या अधिकारिता वाले अधिकारियों तथा एक ही स्थायी खाता संख्या धारक रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के लिए बाध्यकारी होगा। यह भी उपबंध है कि विधि या तथ्यों में कोई परिवर्तन न हो।

(17) इस धारा के अधीन उपबंध के प्रयोजनार्थ अपील प्राधिकरण के साथ-साथ राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण को भी अंगीकृत करने के लिये उक्त अधिनियम की धारा 104 में संशोधन करना।

(18) यह उपबंध करने के लिए कि राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण के पास अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग के प्रयोजन के लिए, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन किसी सिविल न्यायालय की समस्त शक्तियाँ होंगी, उक्त अधिनियम की धारा 105 में संशोधन करना।

(19) यह उपबंध करने के लिये कि राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण के पास उसकी स्वयं की प्रक्रिया को विनियमित करने की शक्ति होगी, उक्त अधिनियम की धारा 106 में संशोधन करना।

(20) मुनाफाखोरी की धनराशि के दस प्रतिशत के बराबर शास्ति अधिरोपित करने के लिए अधिनियम की धारा 171 की उपधारा (2) के अधीन विनिर्दिष्ट प्राधिकरण को सशक्त करने हेतु उसमें नई उपधारा (2क) बढ़ाने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 171 में संशोधन करना।

4—चूँकि राज्य विधान मण्डल सत्र में नहीं था और पूर्वोक्त विनिश्चय को लागू करने के लिये तुरन्त विधायी कार्यवाही करनी आवश्यक थी, अतएव, राज्यपाल द्वारा दिनांक 27 जनवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश, संख्या 1 सन् 2020) प्रख्यापित किया गया।

5—यह विधेयक पूर्वोक्त अध्यादेश को प्रतिस्थापित करने के लिये पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
जे० पी० सिंह-II,
प्रमुख सचिव।

No. 415(2)/LXXIX-V-1-20-1(ka)-1-2020

*Dated Lucknow, March* 12, 2020

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Mal Aur Sewa Kar (Sanshodhan) Adhiniyam, 2020 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 5 of 2020) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on March 11, 2020. The Rajya Kar Anubhag-2 is administratively concerned with the said Adhiniyam.

THE UTTAR PRADESH GOODS AND SERVICES TAX

(AMENDMENT) ACT, 2020

(U.P. Act no. 5 of 2020)

[*As passed by the Uttar Pradesh Legislature*]

AN

ACT

*further to amend the Uttar Pradesh Goods and Services Tax Act,* 2017.

IT IS HEREBY enacted in the Seventy-first Year of the Republic of India as follows :–

Short title and commencement

1. (1) This Act may be called the Uttar Pradesh Goods and Services Tax (Amendment) Act, 2020.

(2) The provisions of sections 3,4,5,6,8,9,11,12 and 21 of this Act shall be deemed to have come into force with effect to the 1st January, 2020 and provisions of sections 2,7,10,13,14,15,16,17,18,19 and 20 of this Act shall come into force at such date as the State Government may, by notification in the *Gazette,* appoint.

Amendment of section 2

2. In section 2 of the Uttar Pradesh Goods and Services Tax Act, 2017 hereinafter referred as the principal Act, in clause (4) *after* the words "the Appellate Authority for Advance Ruling,", the words "the National Appellate Authority for Advance Ruling," shall be *inserted.*

Amendment of section 10

3. In section 10 of the principal Act,—

(a) in sub-section (1) *after* the second proviso the following Explanation shall be *inserted,* namely:—

"**Explanation.**— For the purposes of second proviso, the value of exempt supply of services provided by way of extending deposits, loans or advances in so far as the consideration is represented by way of interest or discount shall not be taken into account for determining the value of turnover in a State.";

(b) in sub-section (2),—

(i) in clause (d), the word "and" occurring at the end shall be *omitted;*

(ii) in clause (e), *for* the word "Council:", the words "Council; and" shall be *substituted;*

(iii) *after* clause (e), the following clause shall be *inserted,* namely:—

"(f) he is neither a casual taxable person nor a non-resident taxable person:";

(c) *after* sub-section (2), the following sub-section shall be *inserted,* namely:—

"(2A) Notwithstanding anything to the contrary contained in this Act, but subject to the provisions of sub-sections (3) and (4) of section 9, a registered person, not eligible to opt to pay tax under sub-section (1) and sub-section (2), whose aggregate turnover in the preceding financial year did not exceed fifty lakh rupees, may opt to pay, *in lieu* of the tax payable by him under sub-section (1) of section 9, an amount of tax calculated at such rate as may be prescribed, but not exceeding three percent of the turnover in State, if he is not—

(a) engaged in making any supply of goods or services which are not leviable to tax under this Act;

(b) engaged in making any inter-State outward supplies of goods or services;

(c) engaged in making any supply of goods or services through an electronic commerce operator who is required to collect tax at source under section 52;

(d) a manufacturer of such goods or supplier of such services as may be notified by the Government on the recommendations of the Council; and

(e) a casual taxable person or a non-resident taxable person:

Provided that where more than one registered person are having the same Permanent Account Number issued under the Income-tax Act, 1961, the registered person shall not be eligible to opt for the scheme under this sub-section unless all such registered persons opt to pay tax under this sub- section.";

(d) in sub-section (3), *after* the words, brackets and figure "under sub-section (1)" at both the places where they occur, the words, brackets, figure and letter "or sub-section (2A), as the case may be," shall be *inserted*;

(e) in sub-section (4), *after* the words, brackets and figure "of sub-section (1)", the words, brackets, figure and letter "or, as the case may be, sub-section (2A)" shall be *inserted*;

(f) in sub-section (5), *after* the words, brackets and figure "under sub-section (1)", the words, brackets, figure and letter "or sub-section (2A), as the case may be," shall be *inserted*;

(g) *after* sub-section (5), the following Explanations shall be *inserted*, namely:—

"**Explanation 1.**— For the purposes of computing aggregate turnover of a person for determining his eligibility to pay tax under this section, the expression "aggregate turnover" shall include the value of supplies made by such person to the 1st day of April of a financial year up to the date when he becomes liable for registration under this Act, but shall not include the value of exempt supply of services provided by way of extending deposits, loans or advances in so far as the consideration is represented by way of interest or discount.

**Explanation 2.**— For the purposes of determining the tax payable by a person under this section, the expression "turnover in State or turnover in Union territory, shall not include the value of following supplies, namely:—

(i) supplies to the first day of April of a financial year up to the date when such person becomes liable for registration under this Act; and

(ii) exempt supply of services provided by way of extending deposits, loans or advances in so far as the consideration is represented by way of interest or discount.".

Amendment of section 22

4. In section 22 of the principal Act, in sub-section (1), *after* the second proviso, the following proviso and explanation shall be *inserted*, namely:—

"Provided also that the Government may, on the recommendations of the Council, enhance the aggregate turnover from twenty lakh rupees to such amount not exceeding forty lakh rupees in case of supplier who is engaged exclusively in the supply of goods, subject to such conditions and limitations, as may be notified.

**Explanation.**—For the purposes of this sub-section, a person shall be considered to be engaged exclusively in the supply of goods even if he is engaged in exempt supply of services provided by way of extending deposits, loans or advances in so far as the consideration is represented by way of interest or discount.".

Amendment of section 25

5. In section 25 of the principal Act, *after* sub-section (6), the following sub-sections shall be *inserted,* namely :–

"(6A) Every registered person shall undergo authentication, or furnish proof of possession of Aadhaar number, in such form and manner and within such time as may be prescribed:

Provided that if an Aadhaar number is not assigned to the registered person, such person shall be offered alternate and viable means of identification in such manner as Government may, on the recommendations of the Council, prescribe:

Provided further that in case of failure to undergo authentication or furnish proof of possession of Aadhaar number or furnish alternate and viable means of identification, registration allotted to such person shall be deemed to be invalid and the other provisions of this Act shall apply as if such person does not have a registration.

(6B) On and from the date of notification, every individual shall, in order to be eligible for grant of registration, undergo authentication, or furnish proof of possession of Aadhaar number, in such manner as the Government may, on the recommendations of the Council, specify in the said notification:

Provided that if an Aadhaar number is not assigned to an individual, such individual shall be offered alternate and viable means of identification in such manner as the Government may, on the recommendations of the Council, specify in the said notification.

(6C) On and from the date of notification, every person, other than an individual, shall, in order to be eligible for grant of registration, undergo authentication, or furnish proof of possession of Aadhaar number of the Karta, Managing Director, whole time Director, such number of partners, Members of Managing Committee of Association, Board of Trustees, authorised representative, authorized signatory and such other class of persons, in such manner, as the Government may, on the recommendation of the Council, specify in the said notification:

Provided that where such person or class of persons have not been assigned the Aadhaar Number, such person or class of persons shall be offered alternate and viable means of identification in such manner as the Government may, on the recommendations of the Council, specify in the said notification.

(6D) The provisions of sub-section (6A) or sub-section (6B) or sub-section (6C) shall not apply to such person or class of persons or any State or part thereof, as the Government may, on the recommendations of the Council, specify by notification.

**Explanation.**—For the purposes of this section, the expression "Aadhaar number" shall have the same meaning as assigned to it in clause (a) of section 2 of the Aadhaar (Targeted Delivery of Financial and Other Subsidies, Benefits and Services) Act, 2016.".

Insertion of new section 31A

6. *After* section 31 of the principal Act, the following section shall be *inserted*, namely:—

Facility of digital payment to recipient

"31A. The Government may, on the recommendations of the Council, prescribe a class of registered persons who shall provide prescribed modes of electronic payment to the recipient of supply of goods or services or both made by him and give option to such recipient to make payment accordingly, in such manner and subject to such conditions and restrictions, as may be prescribed.".

7. In section 39 of the principal Act,— Amendment of section 39

(a) *for* sub-sections (1) and (2), the following sub-sections shall be *substituted*, namely:—

"(1) Every registered person, other than an Input Service Distributor or a non-resident taxable person or a person paying tax under the provisions of section 10 or section 51 or section 52 shall, for every calendar month or part thereof, furnish, a return, electronically, of inward and outward supplies of goods or services or both, input tax credit availed, tax payable, tax paid and such other particulars, in such form and manner, and within such time, as may be prescribed:

Provided that the Government may, on the recommendations of the Council, notify certain class of registered persons who shall furnish a return for every quarter or part thereof, subject to such conditions and restrictions as may be specified therein.

(2) A registered person paying tax under the provisions of section 10, shall, for each financial year or part thereof, furnish a return, electronically, of turnover in the State, inward supplies of goods or services or both, tax payable, tax paid and such other particulars in such form and manner, and within such time, as may be prescribed.";

(b) *for* sub-section (7), the following sub-section shall be *substituted*, namely:—

"(7) Every registered person who is required to furnish a return under sub-section (1), other than the person referred to in the proviso thereto, or sub-section (3) or sub-section (5), shall pay to the Government the tax due as per such return not later than the last date on which he is required to furnish such return:

Provided that every registered person furnishing return under the proviso to sub-section (1) shall pay to the Government, the tax due taking into account inward and outward supplies of goods or services or both, input tax credit availed, tax payable and such other particulars during a month, in such form and manner, and within such time, as may be prescribed:

Provided further that every registered person furnishing return under sub-section (2) shall pay to the Government the tax due taking into account turnover in the State inward supplies of goods or services or both, tax payable, and such other particulars during a quarter, in such form and manner, and within such time, as may be prescribed.".

8. In section 44 of the principal Act, in sub-section (1), the following provisos shall be *inserted*, namely:— Amendment of section 44

"Provided that the Commissioner may, on the recommendations of the Council and for reasons to be recorded in writing, by notification, extend the time limit for furnishing the annual return for such class of registered persons as may be specified therein:

Provided further that any extension of time limit notified by the Commissioner of Central tax shall be deemed to be notified by the Commissioner.".

9. In section 49 of the principal Act, *after* sub-section (9), the following sub- sections shall be *inserted*, namely:— Amendment of section 49

"(10) A registered person may, on the common portal, transfer any amount of tax, interest, penalty, fee or any other amount available in the electronic cash ledger under this Act, to the electronic cash ledger for integrated tax, central tax, State tax, Union territory tax or cess, in such form and manner and subject to such conditions and restrictions as may be prescribed and such transfer shall be deemed to be a refund from the electronic cash ledger under this Act.

(11) Where any amount has been transferred to the electronic cash ledger under this Act, the same shall be deemed to be deposited in the said ledger as provided in sub-section (1).".

Amendment of section 50

10. In section 50 of the principal Act, in sub-section (1), the following proviso shall be *inserted*, namely:—

"Provided that the interest on tax payable in respect of supplies made during a tax period and declared in the return for the said period furnished after the due date in accordance with the provisions of section 39, except where such return is furnished after commencement of any proceedings under section 73 or section 74 in respect of the said period, shall be levied on that portion of the tax that is paid by debiting the electronic cash ledger.".

Amendment of section 52

11. In section 52 of the principal Act,—

(a) in sub-section (4), the following provisos shall be *inserted*, namely:–

"Provided that the Commissioner may, for reasons to be recorded in writing, by notification, extend the time limit for furnishing the statement for such class of registered persons as may be specified therein:

Provided further that any extension of time limit notified by the Commissioner of Central tax shall be deemed to be notified by the Commissioner.";

(b) in sub-section (5), the following provisos shall be *inserted*, namely:—

"Provided that the Commissioner may, on the recommendations of the Council and for reasons to be recorded in writing, by notification, extend the time limit for furnishing the annual statement for such class of registered persons as may be specified therein:

Provided further that any extension of time limit notified by the Commissioner of Central tax shall be deemed to be notified by the Commissioner.".

Insertion of new section 53A

12. *After* section 53 of the principal Act, the following section shall be *inserted*, namely:—

Transfer of certain amounts

"53A. Where any amount has been transferred from the electronic cash ledger under this Act to the electronic cash ledger for Central tax or integrated tax or cess, the Government shall, transfer to the Central tax account, or integrated tax account or cess account an amount equal to the amount transferred from the electronic cash ledger, in such manner and within such time as may be prescribed."

Amendment of section 54

